ALL RIGHTS RESERVED
सर्वाधिकार सुरक्षित

ACF 5/19

04/SBS/M-2020–01

2020

GENERAL HINDI
सामान्य हिन्दी

समय : 1½ घण्टे | *पूर्णांक* : 50

***अनुदेश* :**

- उपान्त के अंक पूर्णांक के द्योतक हैं।
- **सभी** प्रश्नों के उत्तर दें।
- परीक्षार्थी यथासम्भव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।
- एक ही प्रश्न के विभिन्न भागों के उत्तर अनिवार्य रूप से एक साथ ही लिखे जाएँ तथा उनके बीच में अन्य प्रश्नों के उत्तर न लिखे जाएँ।

1. निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** विषय पर लगभग *500* शब्दों में निबंध लिखिए : 20

(क) आतंकवाद : एक विश्व-समस्या

(ख) बिगड़ता हुआ पर्यावरण

(ग) अला एकै नूर उपनाया, ताकी कैसी निंदा।
ता नूर थैं सब जग कीया, कौन भला कौन मंदा।।

(घ) भारत की युवाशक्ति का सामर्थ्य एवं सीमाएँ

(ङ) बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ

(च) भारत की सर्वोत्तम पुस्तक भारतीय संविधान

2. निम्नलिखित अवतरण का **एक-तिहाई** शब्दों में सार लिखते हुए उसका उपयुक्त शीर्षक दीजिए : 6

कर्म में आनंद अनुभव करने वालों ही का नाम कर्मण्य है। धर्म और उदारता के उच्च कर्मों के विधान में ही एक ऐसा दिव्य आनंद भरा रहता है कि कर्ता को वे कर्म ही फलस्वरूप लगते हैं। अत्याचार का दमन और क्लेश का शमन करते हुए चित्त में जो उल्लास और तुष्टि होती है, वही लोकोपकारी कर्म-वीर का सच्चा सुख है। उसके लिए सुख तब तक के लिए रुका नहीं रहता, जब तक कि फल प्राप्त न हो जाए, बल्कि उसी समय से थोड़ा-थोड़ा करके मिलने लगता है, जब से वह कर्म की ओर हाथ बढ़ाता है।

3. निम्नलिखित सभी अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध कीजिए : ½×8=4

(क) समाज में अराजकता की समस्या बढ़ रही है।

(ख) उन्नति के मार्ग में संकट भी आते ही हैं।

(ग) पिताजी ने मुझसे कहा।

(घ) किसानों में रोष था इसलिए घेराव किया।

(ङ) वह बच्चा सोता रहा क्योंकि इसको किसी ने जगाया ही नहीं।

(च) पुस्तकों में यह बहुत श्रेष्ठ है।

(छ) आपकी इस बात का कोई अर्थ नहीं निकलता।

(ज) तुमको इस पाठ को पढ़ना है।

4. निम्नलिखित मुहावरे-लोकोक्तियों में से किन्हीं **चार** का अर्थ बताते हुए उन्हें वाक्यों में प्रयुक्त कीजिए : 1×4=4

(क) अक्ल के घोड़े दौड़ाना

(ख) आकाश के तारे तोड़ना

(ग) कान का कच्चा होना

(घ) पानी-पानी होना

(ङ) चोर-चोर मौसेरे भाई

(च) घर का न घाट का

(छ) दूध का दूध पानी का पानी

(ज) मान न मान मैं तेरा मेहमान

5. विशेषण की परिभाषा देते हुए उसके भेद लिखिए। 2

6. निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** के *दो-दो* पर्यायवाची शब्द लिखिए : 1×4=4

(क) आपत्ति

(ख) इष्ट

(ग) उल्लास

(घ) ऐच्छिक

(ङ) गृह

(च) झंडा

(छ) नदी

(ज) दीन

7. निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए तथा उनका वाक्यों में प्रयोग कीजिए : 1×4=4

(क) जिसके पास कोई उपाय न हो

(ख) अर्द्धरात्रि का समय

(ग) अपनी किसी गलती के लिए हुआ दुःख

(घ) जिसका कोई अर्थ न हो

(ङ) जो सब कुछ जानता हो

(च) जो स्वयं भोजन बनाकर खाता हो

(छ) शर्तों के साथ काम करने का समझौता

(ज) जिसे देखकर हृदय पिघल जाए

8. निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** समस्तपदों का विग्रह करते हुए समास बताइए : 1×4=4

(क) कष्टसाध्य

(ख) शरणागत

(ग) अनुसार

(घ) अधपका

(ङ) बच्चे-बूढ़े

(च) आजीवन

(छ) चौराहा

(ज) जलधर

9. निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** उपसर्गों को चुनकर प्रत्येक से दो-दो शब्द बनाइए : ½×4=2

(क) अभि

(ख) उद्

(ग) निर्

(घ) सम्

(ङ) बहु

(च) अल

(छ) खुश

(ज) बद

★★★